राजस्थान सिविल सेवा अपील अधिकरण, जयपुर

अपील संख्या :– 857/2023

उमा जोरवाल **–अपीलार्थी**

बनाम

1. राजस्थान राज्य जरिये प्रमुख शासन सचिव, माध्यमिक शिक्षा विभाग, राजस्थान सरकार, शासन सचिवालय, जयपुर।
2. निदेशक, माध्यमिक शिक्षा, राजस्थान, बीकानेर।
3. जिला शिक्षा अधिकारी, माध्यमिक शिक्षा, जयपुर (राज.)।
4. महेश कुमार गुप्ता, राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, माधोगढ़, जिला जयपुर (राज.)।

–प्रत्यर्थीगण

प्रस्तुतिकरण की दिनांक : 06.02.2023
आदेश की दिनांक : 07.02.2023

उपस्थित –
अपीलार्थी की ओर से : श्री चैन सिंह राठौड़, अभिभाषक

समक्ष :– शुचि शर्मा, सदस्य
लेखराज तोसावड़ा, सदस्य

आदेश

मामले की आवश्यक प्रकृति को देखते हुए राजस्थान सिविल सेवा (सेवा मामलों के लिए अपीलीय अधिकरण) अधिनियम–1976 की धारा–4ए के उपबन्ध में शिथिलता प्रदान करने की प्रार्थना स्वीकार कर अपील पर सुनवाई की गई।

अपीलार्थी के विद्वान् अधिवक्ता ने अपील में वर्णित तथ्यों को दोहराते हुए यह तर्क दिया है कि अपीलार्थी वर्तमान में प्रधानाचार्य के पद पर राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, माधवगढ़, तहसील बस्सी, जिला जयपुर में कार्यरत है। अपीलार्थी के विद्वान् अधिवक्ता का कथन है कि आलोच्य आदेश दिनांक 12.01.2023 (अनुलग्नक–1) के द्वारा अपीलार्थी का स्थानान्तरण वर्तमान पदस्थापन स्थान से सेठ कन्हैयालाल बद्रीप्रसाद गोयल राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, कारोली पावटा, जयपुर किया गया है। उनका कथन है कि अपीलार्थी का स्थानान्तरण निजी प्रत्यर्थी संख्या 4 को उसके स्थान पर समंजित करने के आशय से 150 कि.मी. दूर किया गया है, जो नियम विरूद्ध है। चूंकि अपीलार्थी एक विधवा महिला है। वर्ष 2014 में उसके पति का निधन हो चुका है। अपीलार्थी स्वयं घुटनों की बीमारी से पीड़ित है। डॉक्टर द्वारा उसे दोनों घुटनों की सर्जरी कराने की सलाह दी गई है। अपीलार्थी का निरंतर उपचार चल रहा है, जो अनुलग्नक–3 से प्रकट होता है। उक्त परेशानी से संबंधित अपीलार्थी द्वारा प्रत्यर्थी विभाग को सूचना देने पर भी कोई ध्यान नहीं दिया गया और फिर भी उसका स्थानान्तरण कर दिया गया, जो स्थानान्तरण नीति एवं नियमों के विपरीत है।

अतः अपीलार्थी की उपरोक्त परिस्थितियों को देखते हुए अपील स्वीकार कर आलोच्य आदेश दिनांक 12.01.2023 (अनुलग्नक–1) को अपीलार्थी की सीमा तक अपास्त फरमाया जावे तथा अपीलार्थी को यथा स्थान कार्य करने के निर्देश दिए जावें।

हमनें अपीलार्थी के विद्वान् अधिवक्ता को अपील की ग्राह्यता एवं स्थगन प्रार्थना–पत्र पर सुना तथा पत्रावली पर उपलब्ध तमाम अभिलेख का अनुशीलन कर मनन किया।

प्रकरण के तथ्यों, अभिवचनों एवं अभिलेख से प्रकट होता है कि अपीलार्थी प्रत्यर्थी विभाग के अधीन प्रधानाचार्य के पद पर राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, माधवगढ़, तहसील बस्सी, जिला जयपुर में कार्यरत है। अनुलग्नक–2 के अवलोकन से यह स्पष्ट होता है कि अपीलार्थी विधवा महिला है और अनुलग्नक–3 से यह प्रकट होता है कि उसका पैरों का निरंतर उपचार चल रहा है। इस प्रकार मामले में अपीलार्थी की वर्तमान परिस्थितियों एवं उसकी बीमारी को दृष्टिगत रखते हुए न्यायहित में यह आदेश देना समीचीन समझते हैं कि अपीलार्थी आगामी दो सप्ताह की अवधि में विभाग के सक्षम प्राधिकारी को अपनी अपील में वर्णित तथ्यों के संबंध में अभ्यावेदन प्रस्तुत करे। सक्षम प्राधिकारी को यह निर्देश दिये जाते है कि वह पूर्वोक्त आशय का अभ्यावेदन प्राप्त होने पर उसे राज्य सरकार व विभाग के दिशा–निर्देशों/परिपत्रों/नियमों के परिप्रेक्ष्य में आगामी दो सप्ताह की अवधि में गुणावगुण के आधार पर नियमानुसार आख्यात्मक आदेश (Speaking Order) प्रसारित कर अभ्यावेदन को निस्तारित करे और ऐसे निस्तारण की सम्यक् सूचना अपीलार्थी को दे। अपीलार्थी के अभ्यावेदन के निस्तारण होने तक अपीलार्थी के सम्बन्ध में आलोच्य आदेश दिनांक 12.01.2023 (अनुलग्नक–1) का क्रियान्वयन (Operation) स्थगित किया जाता है। यहां यह स्पष्ट किया जाता है कि निर्धारित समयावधि में अभ्यावेदन प्रस्तुत करने के उक्त निर्देशों की पालना अपीलार्थी द्वारा नहीं किये जाने पर यह स्थगन आदेश स्वतः ही निष्प्रभावी हो जावेगा।

अतः उक्त अपील, मय स्थगन प्रार्थना पत्र, ग्राह्यता के प्रक्रम पर ही उपर्युक्त निर्देश के साथ अन्तिम रूप से निस्तारित की जाती है।

(लेखराज तोसावड़ा)
सदस्य

(शुचि शर्मा)
सदस्य